आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.11.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में किसानों को सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए मिलेगी पचहत्तर प्रतिशत तक सब्सिडी।
2. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2027 के अंतर्गत मायाबंदर में जुटेंगे युवा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर होगी संसदीय चर्चा।
3. प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों के तहत व्यावसायिक संस्थाओं के लिए पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई।
4. नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने विद्यार्थियों को किया जागरुक।

<><><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन का कृषि विभाग लघु सिंचाई विकास योजना के तहत किसानों एवं सहकारी कृषि समितियों को सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। योजना के तहत तालाब खुदाई पर 50 प्रतिशत या अधिकतम डेढ़ लाख रुपये, आरसीसी रिंगवेल निर्माण पर 50 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये तथा पंपसेट खरीद पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। वहीं, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की स्थापना पर पचहत्तर प्रतिशत या अधिकतम तिरानब्बे हजर सात सौ पचास रुपये प्रति हेक्टेयर की सहायता के साथ 100 प्रतिशत परिवहन सब्सिडी दी जाएगी। पात्र किसान अपने क्षेत्र के जोनल कृषि कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर भूमि अभिलेख, आधार कार्ड, बैंक विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा कर सकते हैं। संयुक्त भूमि के मामले में सह–काश्तकारों की एनओसी भी अनिवार्य होगी।

<><><><><><><><>

मेरा युवा भारत, रंगत की ओर से कल सुबह साढ़े नौ बजे मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद–2026 आयोजित की जाएगी। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2027 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' होगा। इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक भागीदारी और नागरिक चेतना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में जिला परिषद, उत्तर एवं मध्य अंडमान की उपाध्यक्ष अरपोना रॉय मुख्य अतिथि, डॉ. आर.वी.आर. मूर्ति विशिष्ट अतिथि तथा मायाबंदर के उप शिक्षा अधिकारी प्रकाश हाउलादार विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तर एवं मध्य अंडमान के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा संसदीय शैली में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय चरण के बाद जनवरी 2027 में नई दिल्ली स्थित संसद के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने दीपावली के मद्देनजर आम जनता और पटाखा दुकानदारों के लिए अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। विभाग के पुलिस अधीक्षक उमा शंकर ने सभी द्वीपवासियों से सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। अधिकृत दुकानों से ही पटाखे खरीदने, खुले स्थानों पर आतिशबाजी करने, बच्चों को वयस्कों की निगरानी में पटाखे जलाने तथा पानी और रेत की व्यवस्था रखने की सलाह दी गई है। घरों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों के पास पटाखे जलाने से बचने को कहा गया है। वहीं, अस्थायी पटाखा दुकानदारों को विस्फोटक नियम, 2008 के नियम चौरासी एवं पचासी का पालन करने, दुकानों के बीच कम से कम 3 मीटर तथा निर्धारित संरक्षित स्थानों से 50 मीटर की दूरी बनाए रखने और पर्याप्त अग्निशमन उपकरण उपलब्ध रखने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने सभी से अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन कर जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह प्रदूषण नियंत्रण समिति ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के तहत संबंधित व्यावसायिक संस्थाओं के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कॉमन ई पी आर पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। प्लास्टिक पैकेजिंग के उत्पादकों, आयातकों, ब्रांड मालिकों, निर्माताओं, संबंधित विक्रेताओं तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करणकर्ताओं को नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा। इसमें सूक्ष्म एवं लघु उद्यम भी शामिल हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज डीब्रेट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला मुख्यालय की सब–इंस्पेक्टर मासूमा बेगम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस कांस्टेबल वैशाली और अगासी क्लिंटन भी शामिल हुए। विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों, तंबाकू और शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, कानूनी परिणामों तथा नशामुक्त जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने दक्षिण अंडमान जिला पुलिस की एंटी–ड्रग कमेटी का सदस्य बनने में भी उत्साह दिखाया। जिसमें 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद क्षेत्र की वर्ष 2026 की प्रारूप मतदाता सूची निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रकाशित की जाएगी। केंद्रशासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के निर्वाचन आयुक्त द्वारा तय कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह नगरपालिका मतदाता सूची तैयार करने एवं निर्वाचन संचालन नियम, उन्नीस सौ पिच्चानबे के तहत निर्धारित प्रपत्र–1 में सार्वजनिक सूचना जारी की गई है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर विभाग ने सुधार उत्सव के तहत कल 'संवैधानिक मूल्य, नागरिक जिम्मेदारी एवं सुशासन' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक जागरूकता, नागरिक चेतना और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास, टैगोर कॉलेज के विषय विशेषज्ञ डॉ. बिटिन ठाकुर तथा विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. बिस्वास उपस्थित रहे। डॉ. देवदास ने प्रभावी सुशासन के चार स्तंभों– पारदर्शिता, जवाबदेही, जिम्मेदारी और सत्यनिष्ठाको महत्वपूर्ण बताया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय ने अंडमान क्लब में कार्यक्रम आयोजित करने के इच्छुक सरकारी विभागों, स्वायत्त निकायों, सांस्कृतिक संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों को निर्धारित तिथि से कम से कम एक सप्ताह पहले आवेदन जमा करने की सलाह दी है। निदेशालय के अनुसार, अक्सर कार्यक्रम से एक–दो दिन पहले आवेदन मिलने के कारण स्वीकृति प्रक्रिया में देरी होती है। बुकिंग रद्द करने या कार्यक्रम स्थगित करने की लिखित सूचना निर्धारित तिथि से कम से कम दो दिन पहले देनी होगी। ऐसा नहीं करने पर सुरक्षा जमा राशि वापस नहीं की जाएगी।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा कल शाम साढ़े पाँच बजे 'पेट टॉक बियॉन्ड द बॉन्ड' लाइव फोन–इन कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय 'पालतू पशुओं में फंगल एवं टिक संक्रमण देखभाल और उपचार' होगा। इसमें वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार स्टूडियो में विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक कार्यक्रम में फोन नंबर 244–745 या 245–662 पर संपर्क कर सीधे भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 17 नवंबर को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करेगा। प्रतियोगिता का विषय 'स्वच्छ हवा, हरी धरती : सतत जीवन की ओर एक कदम' रखी गई है। प्रतियोगिता सुबह 9 से 11 बजे तक डॉलीगंज स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अवेयरनेस हब में आयोजित होगी। विभाग की ओर से ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि प्रतिभागियों को अपनी पेंटिंग सामग्री स्वयं लानी

होगी। प्रतियोगिता संबंधी जानकारी के लिए विद्यार्थी मोबाइल नंबर 9474–213–985 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>